प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
09.03.2025/प्रादेशिक समाचारर/11.00 बजे

<u>बजट सत्र</u>

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल से शिमला में शुरू होगा जो 28 मार्च तक चलेगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि सत्र के दौरान कुल 16 बैठकें होंगी। सत्र दोपहर बाद 2 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 17 मार्च को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट सदन में पेश करेंगे और 26 मार्च को बजट पारित किया जाएगा। बजट सत्र के लिए 9 सौ 63 सवाल सदस्यों से मिले हैं जिनमें 7 सौ 37 तारांकित और 2 सौ 26 अतारांकित प्रश्न हैं। 22 व 27 मार्च के दिन गैर सरकारी कार्य सदस्य दिवस के लिए निर्धारित किए गए हैं। सत्र से पहले आज विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप ंिसह पठानिया ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है जिसमें पक्ष व विपक्ष के सदस्यों से सदन में सार्थक चर्चा को लेकर बातचीत की जाएगी।

--बाईट--- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया - --’’60’’

<u>बजट सत्र--2</u>

इस बीच भाजपा विधायक दल की बैठक आज शाम शिमला में होगी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सत्र को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में भाजपा के हिमाचल प्रभारी श्रीकांत शर्मा व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी कल सुबह विधानसभा सत्र को लेकर अपनी रणनीति तय करेगी।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल कांगड़ा ज़िला के शाहपुर में 30 करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप स्मारक भवन का शिलान्यास भी शामिल है। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने रोड़ कनेक्टिविटी में सुधार, स्थानीय विकास को बढ़ावा देने और खेल बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ये सभी पहलें बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार करने के सरकार के दृष्टिकोण का हिस्सा है।

<u>वार्षिक परीक्षा</u>

चंबा जिला की जनजातीय पांगी घाटी में अभी भी भारी बर्फ मौजूद है जिस कारण वार्षिक परीक्षाएं आयोजित करवाना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाद्दाता।

---डिस्पैच---- विकास ठाकुर ---- ‘‘48’’

<u>छेश्चु मेला</u>

मंडी जिले के रिवालसर में गुरु पद्म संभव की याद में मनाए जाने वाला तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेला का तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कल शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रिवालसर को तीर्थ स्थल व पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित करने के लिए मास्टर प्लान बनाया जाएगा। अधिक बयौरा इस रिपोर्ट में.................

राज्य स्तरीय छेश्चू मेला एक प्रसिद्ध मेला है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि इस क्षेत्र के अंतर्गत तीन महीने के अन्दर मास्टर प्लान बनाया जाएगा। इसके तहत यहां की मूलभूत सुविधाओं को विस्तार दिया जाएगा। रिवालसर तीन धर्मों का धर्म स्थल है और यह मेला धार्मिक सौहार्द का अदभुत उदाहरण है। तिब्बत और भूटान में बौद्ध धर्म को पहुंचाने का श्रेय गुरू पद्मसंभव को जाता है।

समाचार कक्ष से मैं कौशल्या शर्मा ।

चैंपियंस ट्रॉफी-क्रिकेट

भारत ने छठी एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। तेहरान में कल फाइनल में भारत ने ईरान को 32-25 से पराजित किया। इससे पहले भारत ने सेमीफाइनल में नेपाल को हराया था। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता का पांचवीं बार खिताब जीता है।

इस बीच आज दुबई में आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। भारत ने इस टूर्नामेंट में अभी तक सभी मैच जीते हैं और ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया था।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर तीन बजे नमस्कार ।